# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 28 अगस्त 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान के किस जिले में एशिया का पहला हाई स्पीड टेस्टिंग रेल ट्रैक तैयार किया जा रहा है?

(a) डीडवाना-कुचामन
(b) अलवर
(c) बीकानेर
(d) इनमें से कोई नही

*राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के नावां में एशिया का पहला हाई स्पीड टेस्टिंग रेल ट्रैक तैयार किया जा रहा है। 5 साल से हो रहा निर्माण इस साल पूरा हो जाएगा।*

*इसके बाद ट्रैक पर 220 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें दौड़ेंगी और इंजन ट्रायल हो सकेगा। यहां कम आबादी होने की वजह से इस जगह को टेस्टिंग ट्रैक के लिए चुना गया था।*

*62 किमी में फैले ट्रैक पर 37 मोड़ हैं,जिनसे गुजार कर ट्रेनों की स्पीड टेस्टिंग की जाएगी। 820 करोड़ रुपये की लागत है*

## Yesterday Revision

⭕. राजस्थान के किस जिले की सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल, टपूकड़ा की प्राचार्या नीलम यादव को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा जाएगा?:- खैरथल-तिजारा

⭕. हाल ही में चेन्नई में आयोजित 64वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चुरू के प्रवीण बोथ ने किस खेल में रजत पदक जीता है?:- हैमर थ्रो

⭕. राजस्थान के बीकानेर नाल एयर बेस से वायुसेना प्रमुख ए.पी. सिंह ने किस लड़ाकू विमान को अंतिम उड़ान भरकर विदाई दी?:- मिग-21

⭕. राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा राज्य के कितने जिला क्रिकेट केंद्रों पर आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम बनाए जाएंगे?:-33

⭕. हाल ही में थाइलैंड में 57वीं एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का 100 किलो कैटेगरी का खिताब किसने जीता है?:- अरशान खान

⭕. नई दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल ब्यूटी पैजेंट मिस ओशियन वर्ल्ड-2025 में किस जिले की पारुल सिंह ने फर्स्ट रनर-अप?:- जयपुर

⭕. जम्मू-कश्मीर में आयोजित प्रथम "खेलो इंडिया जल खेल महोत्सव में राजस्थान की रोइंग टीम ने कौनसा पदक जीता है?:- कांस्य पदक

**01. राजस्थान में कब से मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान शुरू किया जाएगा?**

(A) 02 अक्टूबर

(B) 25 सितंबर

(C) 05 सितंबर

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राजस्थान में तीसरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की पढ़ने और समझने की क्षमता को विकसित करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान शुरू किया जाएगा।
- इस अभियान की शुरूआत 5 सितंबर से होगी। इसमें विभाग ने 90 दिन की कार्य योजना तैयार की है, जिसके आधार पर कमजोर बच्चों को पढ़ाया जाएगा।
- इस अभियान का समापन 5 दिसंबर होगा। इस बीच लगातार 12 सप्ताह तक क्रमवार शिक्षण कार्य कराया जाएगा
- अभियान में उन बच्चों की पढ़ाई की कमजोरी दूर की जाएगी, जिनको विभाग के शाला संबलन व एआई आधारित ओआरएफ में अपनी कक्षा के अनुसार पढ़ने में समर्थ नहीं थे।

02. हाल ही में राजस्थान से किसे मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के अखिल भारतीय आचार्य रामचंद्र शुक्ल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?



(A) प्रो. नंद किशोर पांडेय

(B) प्रो विनोद कुमार

(C) प्रो. राजेश मीणा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) जयपुर के कुलगुरु प्रो. नंद किशोर पांडेय को मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के अखिल भारतीय आचार्य रामचंद्र शुक्ल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- उन्हें यह पुरस्कार उनकी चर्चित पुस्तक 'भारत बोध और भक्ति कविता' के लिए प्रदान किया गया है।
- भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रो. पांडेय को पुरस्कार राशि 50 हजार रुपये, स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**03. राजस्थान में किस जिले के योगेश कुमार साहू ने थाइलैंड में आयोजित 8वीं हीरोज ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है?**

(a) जयपुर
(b) बीकानेर
(c) जोधपुर
(d) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जयपुर के योगेश कुमार साहू ने थाइलैंड में आयोजित 8वीं हीरोज ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीता।
- उन्हें फाइनल में चीन के खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा।
- इस चैम्पियनशिप में 48 देशों के करीब 6000 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। योगेश ने यह सफलता अंडर-17 की 48 किलो वर्ग में हासिल की।

04. राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की परियोजना को राष्ट्रीय CIPS इनोवेशन अवार्ड 2024 प्रदान किया गया?

(A) एग्रीस्टैक परियोजना

(B) राज किसान साथी' प्रोजेक्ट

(C) जन आधार परियोजना

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग ने एक और गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है।
- राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की परियोजना 'राज किसान साथी' को राष्ट्रीय CIPS Innovation Award 2024 से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा श्रीनगर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।
- राज किसान साथी' प्रोजेक्ट राजस्थान सरकार द्वारा शुरू किया गया एक एकल-खिड़की ऑनलाइन एकीकृत मंच है जो किसानों को कृषि, बागवानी, और कृषि विपणन से जुड़ी सभी सेवाओं और सूचनाओं तक आसानी से पहुँच प्रदान करता है

05. हाल ही में दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की 7वीं वार्षिक आम सभा में में कोच कमेटी का चेयरमैन किसे बनाया गया है?

(A) हिम्मत सिंह

(B) महावीर सैनी

(C) विजय गुर्जर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की 7वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन जयपुर में किया गया।
- पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से राहुल कसाना पर्यवेक्षक थे। मुख्य अतिथि पीसीआई के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया थे।
- इस अवसर पर कई कमेटियों का गठन किया गया। इनमें कोच कमेटी का चेयरमैन द्रोणाचार्य अवॉर्डी महावीर सैनी को बनाया गया।
- राजेश अग्रवाल आयोजन समिति, राज महावीर सिंह अनुशासन कमेटी के चेयरमैन और शताब्दी अवस्थी को महिला उत्पीड़न निवारण कमेटी का चेयरपर्सन बनाया गया।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**06. राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा किसके द्वारा लिखित पुस्तक "इंडोनेशिया में हिन्दू पुनरुत्थान" का विमोचन किया गया?**

(A) अजय कुमार रस्तोगी

(B) विजय कुमार मल्होत्रा

(C) रविकुमार अय्यर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी और श्री गोविंददेव गिरी ने 5 अगस्तको  कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ राजस्थान में आयोजित समारोह में "इंडोनेशिया में हिन्दू पुनरुत्थान" पुस्तक का विधिवत विमोचन किया।
- यह पुस्तक लेखक श्री रविकुमार अय्यर द्वारा इंडोनेशिया में सनातन चेतना के अद्भुत पुनर्जागरण पर आधारित एक शोधपरक एवं भावनात्मक प्रस्तुति है

**07. राष्ट्रीय सहकार सम्मेलन का आयोजन राजस्थान के किस शहर में किया गया था?**

**(a) जयपुर**

(b) कोटा

(c) जोधपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राष्ट्रीय सहकार सम्मेलन का आयोजन राजस्थान के जयपुर में किया गया था
- 17 जुलाई 2025 को जयपुर में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया था
- केंद्र सरकार ने राज्यों को सहकारिता क्षेत्र में 54 कार्य सौंपे हैं।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है।

08. राजस्थान में पहली बार,गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए होम बेस्ड केयर (घर पर ही देखभाल) का शुभारंभ कहां किया गया?

(A) अजमेर

(B) पाली

(C) कोटा

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राष्ट्रीय पैलिएटिव केयर कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण और अभिनव पहल की शुरुआत पाली में की गई है।
- पूरे राजस्थान में पहली बार,गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए होम बेस्ड केयर (घर पर ही देखभाल) का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज पाली परिसर से किया गया है।
- इस कार्यक्रम की शुरुआत कर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर एक विशेष वाहन को रवाना किया।
- इस वाहन से प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों की टीम ऐसे मरीजों के घर जाकर उन्हें आवश्यक देखभाल और सहायता प्रदान करेगी

09. भारत और किसने वैश्विक खाद्य सहायता हेतु फोर्टिफाइड चावल आपूर्ति समझौता किया?

(A) विश्व खाद्य कार्यक्रम

(B) संयुक्त राष्ट्र संघ

(C) यूनीसेफ

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- भारत और WFP ने वैश्विक खाद्य सहायता हेतु फोर्टिफाइड चावल आपूर्ति समझौता किया
- भारत और विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) ने संकटग्रस्त क्षेत्रों में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति हेतु एक आशय पत्र (LoI) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन B12 से समृद्ध फोर्टिफाइड चावल, छिपी हुई भूख से निपटने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।
- भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (DFPD) के माध्यम से आपूर्ति की जाती है।
- यह कदम वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को दर्शाता है और वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भारत की भूमिका को सुदृढ़ करता

**10. IMD स्मार्ट सिटी इंडेक्स 2025 में विश्व का सबसे स्मार्ट शहर कौनसा है?**

(A) न्यूयॉर्क

(B) शंघाई

(C) ज्यूरिख

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- IMD स्मार्ट सिटी इंडेक्स 2025 स्वास्थ्य, गतिशीलता, गतिविधियों, अवसरों और शासन के आधार पर वैश्विक शहरों की रैंकिंग करता है।
- एक स्मार्ट शहर शहरी जीवन को बेहतर बनाने और शहरीकरण की चुनौतियों को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है।
- यह स्विट्जरलैंड का सबसे बड़ा शहर ज्यूरिख विश्व का सबसे स्मार्ट शहर बना हुआ है।
- दिल्ली 104वें स्थान पर, मुंबई 106वें, बेंगलुरु 110वें और हैदराबाद 109वें स्थान पर है

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान के किस जिले की सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल, टपूकड़ा की प्राचार्या नीलम यादव को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा जाएगा?**

(A) कोटपूतली-बहरोड़

(B) डीडवाना- कुचामन

(C) खैरथल-तिजारा

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine